डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1231/2026 दिनांक : 24/04/2026

सेवा में,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा।
प्राचार्य/प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय।
(सदस्य सचिव, निरीक्षण मण्डल)

विषयः गठित निरीक्षण मण्डल द्वारा महाविद्यालय का भौतिक/स्थलीय निरीक्षण कर आख्या ऑनलाइन अपलोड किये जाने एवं हार्ड कॉपी उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक, शासन के निर्देशों के अनुपालन में आपसे अनुरोध है कि संबंधित संस्था/महाविद्यालय का भौतिक/स्थलीय निरीक्षण नियमानुसार सुनिश्चित करते हुए निरीक्षण आख्या को शासन के निर्धारित पोर्टल http://henoc.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन अपलोड करना सुनिश्चित करें।

साथ ही, निरीक्षण आख्या को निर्धारित 11 बिन्दुओं एवं 29 बिन्दुओं के अनुसार संपूर्ण पत्रावली दो प्रतियों में तैयार कर, समस्त संबंधित अभिलेखों सहित सीलबंद लिफाफे में दिनांक 25.04.2026 तक सदस्य–सचिव, विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि समयबद्ध रूप से सम्बद्धता प्रदान किये जाने संबंधी निर्णय लिया जा सके।

यह भी अवगत कराना है कि शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में कार्यवाही पूर्ण न किये जाने की स्थिति में उत्पन्न होने वाले समस्त दायित्व संबंधित सदस्य–सचिव एवं संस्था के होंगे। साथ ही, ऐसे महाविद्यालय जिनके द्वारा भौतिक/स्थलीय निरीक्षण नहीं कराया जा रहा है, उसके संबंध में स्पष्ट लिखित सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यवाही निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्राचार्य/प्रबंधक, संबंधित महाविद्यालय – इस अनुरोध के साथ कि निरीक्षण दल से समन्वय स्थापित कर दिनांक 25.04.2026 तक निरीक्षण सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett